पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा से मिले अमेरिकन एम्बेसी के मिनिस्टर काउंसलर मि0 ग्राहम डी मेयर

विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने एवम् निवेश को लेकर हुई चर्चा

विश्व समुदाय को उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने का अच्छा अवसर

देश एवं प्रदेश के प्रति वैश्विक धारणा बदलने से निवेशकों को मिलेगा फ़ायदा

—नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा

अमेरिकन कंपनियां भारत में व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने को इच्छुक

— मि0 ग्राहम डी मेयर

लखनऊ : 29 मार्च, 2023

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा से कल देर शाम उनके 14—कालिदास आवास पर भारत में संयुक्त राज्य अमेरिकन एम्बेसी के राजनीतिक मामलों के मिनिस्टर काउंसलर मि0 ग्राहम डी मेयर ने प्रदेश में व्यापारिक भागीदारी बढ़ाने एवम् निवेश को लेकर मुलाकात की।

इस दौरान दोनो के बीच डिफेंस, रक्षा उत्पाद, हेल्थ, मेडिसिन, मेडिकल डिवाइसेस,ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा, सौर ऊर्जा, शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों, कौशल विकास, तकनीकी ज्ञान, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, वेस्ट मैनेजमेंट, वॉटर मैनेजमेंट—ट्रीटमेंट, शहरी विकास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापारिक भागीदारी बढ़ाने एवं निवेश को लेकर चर्चा हुई।

श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में विश्व समुदाय को भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने का अच्छा अवसर है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में बेहतर सुशासन, राजनीतिक स्थायित्व एवं अच्छी कानून व्यवस्था है। 25 करोड़ की आबादी वाला हमारा प्रदेश एक अच्छा मार्केटिंग हब बन चुका है। प्रदेश की जीडीपी बढ़ी है। यहां के शहरी जीवन स्तर एवं वातावरण में बेहतर सुधार हुआ है। वैश्विक समुदाय ने जी—20 की बैठकों एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान इसकी काफी प्रशंसा भी की है। प्रदेश सरकार की निवेश नीति में भी सुधार किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ईज आफ डूइंग बिजनेस को बल मिला है।

नगर विकास मंत्री ने यह भी कहा कि यहां के बने उत्पादों की अब मध्य–पूर्व एशिया, मध्य एशिया और दक्षिणी एशिया के देशों में जबरदस्त मांग बढ़ी है। देश एवं प्रदेश के प्रति वैश्विक धारणा बदली है। इन सब का फायदा निवेशकों व उद्योगपतियों को मिलेगा, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मिस्टर ग्राहम डी मेयर ने चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की नेतृत्व क्षमता की बदौलत भारत एक उभरता हुआ वैश्विक शक्ति बन गया है। भारत की बात को पूरी दुनिया बहुत महत्व देती है। अमेरिकन कंपनियां भारत में व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने की इच्छुक हैं। वर्तमान में चीन के यहां से अमेरिकन कंपनियां रुख कर रहीं हैं, जिसका फायदा भारत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी निवेश करने में कोई समस्या नहीं है। यहां पर निवेश करने और उद्योग लगाने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने पहली बार लखनऊ आने पर और यहां की बेहतरीन व्यवस्था को देखकर अपनी खुशी व्यक्त की और प्रदेश में निवेश को लेकर सकारात्मक चर्चा के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री जी का धन्यवाद किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत में अमेरिकन एंबेसी के राजदूत भी इन सभी मुद्दों पर बातचीत के लिए शीघ्र ही मिलेंगे। इस दौरान भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका एम्बेसी के लेबर एण्ड पॉलिटिक्स के सीनियर एडवाइजर मि0 ए0 सुकेश भी मौजूद थे।

सम्पर्क सूत्र– सी0एल0 सिंह

राम यतन/05:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in